# छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना

छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना
कहते लोग इसे राम का दिवाना...
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना
पाँव में घूंघरु बांध के नाचे
राम जी का नाम इसे प्यारा लागे
राम ने भी देखो इसे खुब पहचाना...
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना
जहाँ जहाँ कीर्तन होता श्रीराम का
sanatangyaan
लगता हैं पहरा वहाँ वीर हनुमान का
राम के चरण में हैं इनका ठिकाना...
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना
नाच नाच देखो श्रीराम को रिझाये
बनवारी देखो नाचता ही जाये
भक्तों में भक्त बडा दुनियाँ ने माना...
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना
छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना
कहते लोग इसे राम का दिवाना...
छम छम नाचे
देखो वीर हनुमाना


